an>

Title: Need to re-establish the ancient Nalanda University in Bihar.

MR. CHAIRMAN: Mr. Kaushalendra Kumar, your name was called this morning. You were not present. Please make your point very quickly.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : सभापति महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। सम्पूर्ण विश्व के ज्ञान की अलख जगाने वाला नालन्दा विश्वविद्यालय महज एक विश्वविद्यालय नहीं, अपितु शैक्षणिक संस्कृति और वैचारिक साधना का एक अनुपम केन्द्र था। पांचवीं शताब्दी से लेकर 12वीं शताब्दी तक इस शिक्षा केन्द्र का सानी समकालीन विश्व में कोई दूसरा विश्वविद्यालय नहीं था।

महोदय, उस विश्वविद्यालय में 10 हजार छात्र अध्ययन करते थे और 1 हजार शिक्षक थे। आप अन्दाज लगाएं कि वह कितना विशाल एवं भव्य रहा होगा। वैसे विश्वविद्यालय का फिर से पुनर्स्थापित करने का फैसला बिहार के मुख्य मंत्री ने लिया है और इस दिशा में काम काफी आगे बढ़ चुका है। बिहार सरकार द्वारा इस विश्वविद्यालय के लिए जमीन की भी व्यवस्था कर ली गई है। इसलिए मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि फिर से नालन्दा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।